INDIAN SCHOOL SOHAR — Set-2

FORMATIVE ASSESSMENT- 3 (2014-15)

विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

कक्षा ः IX — समय ः 40 मिनट

दिनांक ः 09- 11 - 2014 — पूर्णांक ः 20

निर्देश : 1 इस प्रश्न पत्र में कुल 9 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न 1- अपठित गद्यांश

जो लोग अपनी असफलताओं के लिए या जीवन में गतिरोध के लिए हालातों को ज़िम्मेदार ठहराते हैं, वे या तो गलती पर हैं या हालात से डरते हैं। वे या तो जीवन को समझ नहीं पाए या उलझनों में फँसे हुए हैं। वे या तो आलसी हैं या अकर्मण्य हैं। एक कारण और भी हो सकता है कि उनकी नीयत और नीति में मेल ना हो। यह अति आवश्यक है कि नियत और नीति दोनों एक सूत्र में पिरोई हुई हों अर्थात दोनों में मेल हो। ऐसा कदापि संभव नहीं कि दोनों में अंतर आने पर व्यक्ति सफलता प्राप्त कर सके। नीति एक पथ है जिस पर चल कर व्यक्ति अपने प्रयोजन को पूर्ण करता है और नियत एक मानसिक इच्छा है, जो खोटी भी हो सकती है और खरी भी। खोटी नियत वाला व्यक्ति इस संसार में नहीं टिक सकता और यदि टिकेगा तो बहुत कम समय के लिए, केवल तब तक, जब तक उसकी नियत खुलकर सामने नहीं आती। मनुष्य गलत नियत और नीति के कारण पतन का भागी होता है। यदि कोई व्यक्ति असफलता की ज़िम्मेदारी खुद नहीं ले सकता तो वह अपनी सफलता की ज़िम्मेदारी लेने के काबिल नहीं है। जीवन का असली आनंद तो तभी है, जब परिस्थितियाँ विषम हों।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) असफल व्यक्ति अपनी असफलता के लिए किसे ज़िम्मेदार ठहराते हैं ? (1)

(ख) नियत और नीति के बारे में क्या बताया गया है ? (1)

(ग) नियत और नीति में अंतर होने का क्या परिणाम होता है ? (1)

(घ) उपर्युक्त गद्यांश में से 'इक' प्रत्यय वाला एक शब्द छाँटकर लिखिए। (1)

प्रश्न 2- वर्ण-विच्छेद कीजिए - (1)

विज्ञान , प्राकृतिक

प्रश्न 3- निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिहन लगाइए। (1)

सन् 1929 में रामन् को सर की उपाधि प्रदान की गई

प्रश्न 4 - संधि विच्छेद कीजिए। (1)

वीरोचित , अत्युत्तम

प्रश्न 5-   उपसर्ग व प्रत्यय बताइए। □1□

संचालित

प्रश्न 6- -रामन् की खोज 'रामन् प्रभाव' क्या है □स्पष्ट कीजिए। □3□

प्रश्न 7 - देश को वैज्ञानिक दृष्टि और चिंतन प्रदान करने में सर चंद्रशेखर वेंकट रामन् के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालिए। □3□

प्रश्न 8 - सुखिया के पिता को अपमानित कर दंड क्यों दिया गया□कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। □3□

प्रश्न 9 -   निम्न चित्र को देखकर 25 से 30 शब्दों में वर्णन कीजिए। □3□

वर्णन चित्र से संबद्ध होना चाहिए।

---oOo---